कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 02.05.2024

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
बोरे बासी दिवस

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में गृहविज्ञान विभाग के तत्वाधान में बोरे बासी दिवस का आयोजन किया गया। ''बोरे बासी का महत्व'' पर आयोजित संगोष्ठी में प्राध्यापकों एवं छात्राओं ने भाग लिया।

संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश के अनुसार किसानों मजदूरों को सम्मान देने एवं युवाओं में इस परंपरा के महत्व के प्रति जागरूकता लाना इसका उद्देश्य है। उन्होनें बताया कि गृहविज्ञान विभाग लगातार छत्तीसगढ़ी परम्पराओं, संस्कृति, भोजन एवं विरासत आदि की जानकारी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से देता है।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि बोरे बासी छत्तीसगढ़ की ग्रामीण जनजीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है जो कि ऊर्जा का स्त्रोत है जिसे शहरी जीवन में विशेषकर युवाओं द्वारा अपनाया जाना चाहिये।

डॉ. अमिता सहगल, विभागाध्यक्ष ने बताया कि बोरे बासी गर्मियों में वरदान है यह पौष्टिकता एवं ऊर्जा से भरपूर है।

डॉ. तोशीना तेलंग ने कहा कि छत्तीसगढ़ के बोरे बासी को देश के साथ–साथ विदेशों में भी बड़े चाव से खाया जाता है।

तबस्सुम अली अनुसार ग्रामीण अंचलों में घर–घर में सुबह की शुरूआत बोरे बासी के सेवन से होती है जो कि स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है।

सबीना ने बोरे एवं बासी बनाने की विधि समझाई।

मनीषा धृतलहरे, महक परवीन, मुस्कान कुर्रे, निधि शाह, लिकेश्वरी, तृप्ति गेंड्रे, ख्याती टण्डन, खुशबू साहू आदि ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)